52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 22.6°c
अधिकतम 33.6 °c

**अमृतवाणी**

इंसान को कभी भी घमंड और अभिमान नहीं करना चाहिए, भगवान ने जाने कितने अभिमानी लोगों को मिट्टी से बनाकर मिट्टी में मिला दिया।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कांग्रेस नेता शेर हैं लेकिन संघ वालों में दम नहीं। ये लोग मुझे देखकर छुप जाते हैं : राहुल गांधी



एक शेर ने कहा भी.... मोदी के हटने तक नहीं मरूंगा.......

सूर्योदय : 6:13 सूर्यास्त : 6:03 | वर्ष : 52/ अंक : 273 | बुधवार, 02 अक्टूबर 2024 | अश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04







52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र  पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)  डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24  Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606  संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा  रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 273  बुधवार, 02 अक्टूबर 2024  अश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस  सम्वत् 2081  मूल्य 3 रुपये  पृष्ठ-02

## अभिनेता गोविंदा के पैर में लगी गोली, हालत स्थिर



**मुंबई, 01 अक्टूबर (वार्ता)** पूर्व सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा मंगलवार सुबह पैर में गोली लगने से घायल हो गये हैं और उन्हें यहां क्रिटिकेयर अस्पताल ले जाया गया। अभिनेता उपचार के बाद घर वापस आ गये हैं। उनकी हालत स्थिर है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार गोविंदा सुबह पांच बजे कहीं जाने की तैयारी कर रहे थे, वह जब अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर को साफ कर रहे थे, तभी दुर्घटनावश गोली चल गयी जो उनके घुटने में लगी। घटना के समय वह अपने जुहू स्थित घर पर अकेले थे। उन्हें अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया। गौरतलब है कि अभिनेता एवं पूर्व सांसद गोविंदा (60) अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने बताया कि अभिनेता कोलकाता जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी उनकी रिवॉल्वर उनके हाथ से गिर गई और हड़बड़ी में गलती से गोली चल गई। घटना के समय उनकी पत्नी सुनीता आहूजा कोलकाता में थीं। पुलिस ने बताया कि उन्होंने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। गोविंदा को उनके घर के पास क्रिटिकेयर अस्पताल ले जाया गया और इलाज के बाद वह घर वापस आ गए हैं।

# 40 लाख की लूट, लुटेरा बोला मैनेजर साहब या तो आज तुम नहीं या मैं नहीं

## ▸ शामली के एक्सिस बैंक में दिन दहाड़े हुई लूट से सनसनी ▸ तमंचे तानकर बोला बदमाशः मार दूंगा या मर जाऊंगा

**शामली, 1 अक्टूबर (बु.)।** शहर के मोहल्ला धीमानपुरा में मंगलवार को लुटेरे ने फिल्मी अंदाज में चालीस लाख की लूट करने में कामयाबी हासिल की। बड़ी बात यह रही कि गार्ड द्वारा बदमाश के सीने पर बंदूक तान देने के बाद भी मैनेजर ने गार्ड को बंदूक नीचे करने के आदेश दिये और लुटेरा 40 लाख लेकर तमंचे के बल पर ही लूट करने में सफल हो गया।

आपको बता दें कि शामली शहर कोतवाली क्षेत्र के धीमानपुरा में एक्सिस बैंक के मैनेजर नवीन जैन के केबिन में सीधा एक लुटेरा पहुंचा और सनसन सनसनीखेज लूट को अंजाम दे डाला। अकेले लुटेरे ने फिल्मी अंदाज में दोनों हाथों से मैनेजर को तमंचा दिखाया और साथ ही साथ सिरफिरों की तरह अपनी व्यथा भी बताई। बैंक मैनेजर को बाकायदा अपने दिल का दर्द बताते हुए लुटेरे ने कहा कि उसके मकान पर लोन है और उसकी नीलामी होने वाली है। उसने बताया कि उसने 38.8 लाख का लोन ले रखा है, अगर उसे 40 लाख रुपये न दिये गए तो उसका मकान नीलाम हो जाएगा। इतना ही नहीं लुटेरे ने एक सुसाइड नोट भी अपने साथ ले रखा था, जिसे बाकायदा मैनेजर को दिखाकर लुटेरे ने धमकी दी और कहा कि मैंनेजर साहब आज या तो तुम नहीं या मैं नहीं। लुटेरे की हरकतें देखकर मैनेजर को लगा कि कहीं लुटेरा सचमुच दोनों में से एक हरकत को अंजाम न दे दे, ऐसे में मैनेजर ने बैंक कैशियर रोहित को आदेश देते हुए चालीस लाख रुपये अपनी ही टेबल पर मंगवा लिये। रुपये आते ही बदमाश ने उक्त रकम बैग में डलवाये और दोनों हाथों से मैनेजर व कैशियर पर दो तमंचे तान दिये और फिल्मी अंदाज में अपने आपको बाहर छुड़वाने तक के लिए कहा। बाकायदा लुटेरे ने मैनेजर नवीन जैन व कैशियर के हाथ ऊपर करवाये और खुद को बाहर गेट तक छुड़वाया। इसी बीच गार्ड ने अपना फर्ज दिखाते हुए मैनेजर व कैशियर को बचाने के लिए लुटेरे पर अपनी गन भी तान दी। मगर मैनेजर साहब ने गनर को यह सब करने से मना कर दिया और इशारा किया कि खैरियत इसी में है कि इसे चुपचाप जाने दो। लुटेरा बाइक पर बैठकर

शेष - पृष्ठ-4 पर



पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने कहा बैंक में 40 लाख रुपये की लूट मामले के खुलासे के लिए टीमों को लगाया गया है, सभी तथ्यों की जांच की जा रही है, बैंक मैनेजर से भी पूछताछ की जा रही है। मामले की संदिग्धता को लेकर भी जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गार्ड ने बदमाश के सीने पर तान दी थी बंदूक लेकिन मैनेजर ने रोक दिया

**शामली।** बदमाश को तमंचे हाथ में लेकर भागते हुए देखकर गार्ड ने उसे निशाने पर लेने की कोशिश की थी, लेकिन बैंक प्रबंधक ने उसे रोक दिया। बैंक की कैश वैन के गार्ड बोबी निवासी गांव मन्ना माजरा ने बताया कि घटना के समय वह शाखा प्रबंधक के कक्ष के पीछे पानी पी रहे थे। तभी उसने देखा कि एक बदमाश अपने दोनों हाथों में तमंचे लिए निकला रहा है। उसने बैंक मैनेजर व कैशियर पर तमंचे ताने हुए थे। प्रबंधक और कैशियर हैंड्स अप की मुद्रा में खड़े थे। यह देखकर उसने बदमाश की छाती पर बंदूक तान दी। यह देख बैंक मैनेजर बोले कि गोली मत चलाना। इसके बाद बदमाश शाखा प्रबंधक व कैशियर को तमंचों की नोंक पर बैंक के दरवाजे तक ले गया। वह भी उनके पीछे था, लेकिन शाखा प्रबंधक ने गेट पर जाते ही उन्हें अंदर बैंक में चले जाने को कहा। इसके बाद बदमाश भाग गया तो अधिकारियों ने पुलिस को बुलाया।


# व्यापारी व भाजपा नेता के लापता होने से हड़कम्प

▸ बुढ़ाना अग्रसेन युवा समिति के अध्यक्ष रहस्यमय ढंग से हुए लापता

▸ जंगल में लावारिस पड़ा मिला मोबाइल, पुलिस काम्बिंग में जुटी

**बुढ़ाना, 01 अक्टूबर (बु.)।** वरिष्ठ भाजपा तथा व्यापारी नेता तथा अग्रसेन युवा समिति बुढ़ाना के अध्यक्ष राजेश संगल मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे रहस्यमय ढंग से अपने घर से प्रतिष्ठान पर जाते समय अचानक लापता हो गये। जब वे दोपहर तक भी अपने प्रतिष्ठान पर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनको फोन मिलाया। इस दौरान घंटी बजती रही और उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। व्यापारी व भाजपा नेता के इस तरह लापता होने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। लापता व्यापारी नेता की तलाश में जब बुढ़ाना पुलिस ने मोबाइल फोन से उनकी लोकेशन जानने के लिए फोन को सर्विलांस पर लगाया तो उनकी लोकेशन फुगाना थाना क्षेत्र के गांव हबीबपुर सीकरी के जंगलों में मिली। इसके बाद उन्हें खोजती हुई पुलिस मिली लोकेशन पर पहुंची तो उनका मोबाइल जंगल में पड़ा मिला। इसके बाद उनके लापता होने का मामला और पेचीदा हो गया। पुलिस ने मोबाइल जंगल से बरामद

शेष - पृष्ठ-4 पर



### राजेश संगल बने पुलिस के लिए पहेली

**बुढ़ाना, 01 अक्टूबर (बु.)।** व्यापारी नेता राजेश संगल के लापता होने का मामला पुलिस के लिए पहेली बना हुआ है। किसी कारण बिना बताए कहीं चले जाने या अपहरण की आशंका को लेकर पुलिस जांच कर रही है। राजेश संगल काफी लोकप्रिय और बेहद नम्र स्वभाव के व्यक्ति है। परिजनों के अनुसार वे रोज की तरह सामान्य ढंग से अपने घर से सुबह दुकान के लिए चले थे। परिजनों को उस समय चिंता हुई जब वे दुकान पर नहीं पहुंचे। ऐसे में पुलिस अब इस बात को लेकर पड़ताल कर रही है कि क्या राजेश संगल स्वयं कहीं गए हैं, अथवा उनका अपहरण किया गया है। एक समय गन्ने की फसल के समय अपहरण को लेकर कुख्यात रहे जनपद में भाजपा सरकार के आने के बाद काफी हद तक ब्रेक लग गया है। हाल में कुछ दिनों से अपराधियों के फिर सिर उठाने से इस बात की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा रहा है। हालांकि अभी तक किसी ने उनके परिवार से कोई संपर्क नहीं किया है। इस बीच प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने मामले की जानकारी मिलते ही एसएसपी से फोन पर बात की और राजेश संगल की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित करने को कहा।

### कपिलदेव लापता भाजपा नेता के परिजनों से मिले

**मुजफ्फरनगर।** रहस्यमय ढंग से लापता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष व व्यापारी नेता राजेश संगल के मामले को लेकर आज कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल व भाजपा नेता उनके आवास पर पहुंचे तथा परिजनों से वार्ता की। मूलरूप से बिटावदा गांव के रहने वाले राजेश संगल (40) पुत्र इंद्रसेन संगल करीब 3 दशक पहले बुढ़ाना रहने आ गए थे। उनका पूरा परिवार बुढ़ाना में व्यापार करता है। राजेश संगल अपने भाई राजीव संगल के साथ कस्बे के छोटा बाजार में कपड़े की दुकान करते हैं। आज दोपहर वे लापता हो गए थे।

### बस की टक्कर से उछलकर गिरा छात्र, मौके पर मौत

**शामली, 1 अक्टूबर (बु.)।** मंगलवार को बारात घर में दावत खाने जा रहे साइकिल सवार कक्षा तीन के छात्र को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पानीपत रोड पर यह हादसा हुआ। मोहल्ला रेतावाला निवासी नफीस का 13 वर्षीय पुत्र जैद कक्षा 3 में पढ़ता था। जैद के भाई इसरार ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे जैद साइकिल द्वारा पानीपत रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में परिवार की लड़की की शादी में दावत खाने जा रहा था। पानीपत रोड पर पानीपत की ओर से तेज गति से आ रही यूपी रोडवेज की बस ने साइकिल में टक्कर मार दी। जैद उछलकर दूर जा गिरा और बुरी तरह घायल हो गया। परिजन घायल बालक को सीएचसी ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया। बालक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# 56 साल बाद लौटा एयरफोर्स कर्मी का शव तो सहारनपुर में परिजन रह गए सन्न

**सहारनपुर, 1 अक्टूबर (एजेंसी)।** 56 साल बाद सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में बर्फ के नीचे वायु सेना के जवान फतेहपुर गांव निवासी मलखान सिंह का पार्थिव शरीर की सूचना से परिजन सन्न रह गए। पार्थिव शरीर तीन अक्तूबर को गांव पहुंचेगा। साढ़े पांच दशक के इस अंतराल में मलखान सिंह की पत्नी, दो भाईयों और इकलौते बेटे की भी मौत हो चुकी है। नानौता थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी मलखान सिंह पुत्र रामदिया वायु सेना में कार्यरत थे। 7 फरवरी 1968 को वायु सेना के एक विमान ने चंडीगढ़ से लेह के लिए उड़ान भरी, जिसमें 100 से अधिक जवान सवार थे। विमान में फतेहपुर निवासी 23 वर्षीय मलखान सिंह भी अपने साथियों के साथ जा रहे थे। विमान हिमाचल के सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में पहुंचा तो मौसम खराब होने के कारण वह क्रैश हो गया। इसमें मलखान सिंह समेत सभी जवान बलिदान हो गए थे, लेकिन बर्फीले पहाड़ होने के कारण किसी का पार्थिव शरीर नहीं मिला था। करीब 56 साल बाद मंगलवार को भारतीय सेना के जवानों ने फतेहपुर गांव में मलखान सिंह के घर पहुंच कर इसकी जानकारी दी तो यह सुनकर इसमपाल सिंह हैरान रह गए। इसमपाल सिंह ने सहारनपुर में रह रहे अपने भाई के पोते गौतम व मनीष को उनके दादा का पार्थिव शरीर मिलने की जानकारी दी। इसके बाद दोनों पोते व पोती भी अपने परिवार समेत गांव में आ गए। मलखान सिंह के परिवार में उनकी पत्नी शीला देवी और इकलौते बेटे रामप्रसाद की मौत हो चुकी है। अब उनके परिवार में पोते गौतम, मनीष और पोती सोनिया, मोनिका और सीमा हैं। गौतम और मनीष सहारनपुर में ऑटो चलाते हैं। मलखान सिंह के भाई सुल्तान सिंह और चंद्रपाल सिंह की भी मौत हो चुकी है। फिलहाल भाई इसमपाल सिंह और बहन चंद्रपाली है। परिवार का कहना है कि उन्हें वायु सेना की तरफ से कोई आर्थिक मदद नहीं मिली।

### रामपुर तिराहा पर आज आएंगे पुष्कर सिंह धामी

**मुजफ्फरनगर, 1 अक्टूबर (बु.)।** रामपुर तिराहा पर कल (आज) उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आगमन की सूचना के बीच आज अधिकारियों ने तिराहे पर पहुंच व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है। रामपुर तिराहा कांड की बरसी पर बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शहीद स्मारक पर पहुंचेंगे। इस सूचना के बाद आज एडीएम प्रशासन तथा अन्य अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पहुंच कर वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



# देहरादून के जिलाधिकारी के स्टाइल में सिटी मजिस्ट्रेट ने खरीदी पांच बीयर

**मुजफ्फरनगर, 1 अक्टूबर (बु.)।** यदि अधिकारियों को भ्रष्टाचार का वास्तविक सच जानना हो तो शायद खुद जमीन पर उतरकर काम करने से ही सच जाना जा सकता है। जब अधिकारी खुद जमीन पर उतरते हैं तो आरोपों की जांच लम्बे समय तक कागजों में नहीं चलती हाथोंहाथ दूध का दूध पानी का पानी हो जाता है। कुछ दिन पहले देहरादून के जिलाधिकारी साविन बंसल ने शराब के ठेके से एक अच्छी शराब की कम्पनी की बोतल खुद जाकर खरीदी थी, जहां उन्हें बोतल एमआरपी रेट से भी महंगी दी गयी। तभी जिलाधिकारी ने हाथोंहाथ ठेके पर काम कर कर रहे लोगों को धर दबोचा और अन्य कानूनी कार्यवाही कई ठेकों पर कर डाली ठीक उसी तरह सोमवार की रात सिटी मजिस्ट्रेट ने भी यही फॉर्मूला अपनाया और भोपा रोड स्थित शराब की दुकान पर जाकर पांच बीयर की कैन मांगी और पांच पांच सौ के दो नोट दे दिये। 160 रुपये प्रति कैन के हिसाब से पांच कैनों की कीमत 800 रुपये बैठती है मगर सेल्समैन ने नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप साहब को 150 रुपये वापस करते हुए एक बीयर की कैन पर 10 रुपये के हिसाब से अतिरिक्त चार्ज ले लिया और हाथोंहाथ ठेका संचालकों की पोल खुल गयी और मौके पर मौजूद सीओ मण्डी रुपाली राय चौधरी, आबकरी निरीक्षक अनिल कुमार व नगर मजिस्ट्रेट ने सेल्समैन को दबोचते हुए उक्त मॉडल शॉप को सील कर दिया।



### आबकारी निरीक्षक की रिपोर्ट पर दुकान का लाइसेंस निलम्बित

**मुजफ्फरनगर।** छापामारी के बाद पूरे घटनाक्रम को जिलाधिकारी की मंशा के अनुरूप अंजाम देने के बाद इस मामले की रिपोर्ट आबकारी निरीक्षक अनिल कुमार की ओर से लिखवाई गयी, जिसमें सेल्समैन दुर्गेश के खिलाफ रिपोर्ट लिखी गयी तथा जानकारी दी गयी कि जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने संदीप मल्होत्रा के नाम से चल रहे इस मॉडल शॉप का लाइसेंस निलम्बित कर दिया।

### बसेड़ा में छात्र ने पेड़ पर लटक की आत्महत्या

**छपार, 01 अक्टूबर (बु.)।** स्कूली छात्र ने आम के पेड़ पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर छपार पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। मंगलवार सुबह बसेडा गांव निवासी कल्लू का 18 वर्षीय पुत्र अनस गांव के कॉलेज में पढ़ने गया था। वह इंटर का छात्र बताया गया। जब छात्र सायं तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव की महिलाओं ने जंगल में एक किसान के बाग में आम के पेड़ पर एक युवक को फांसी पर लटका देख इसकी जानकारी परिजनों को दी गई, जिसके बाद छपार पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। काफी देर पुलिस समझाती रही। लेकिन परिजन नहीं माने। छात्र के आत्महत्या के द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका।

# गुड़ में सेलखड़ी की मिलावट पर छापे में तीन नमूने लेकर जांच को भेजे

**मुजफ्फरनगर, 1 अक्टूबर (बु.)।** एक जनपद- एक उत्पाद को लेकर जिले की पहचान बने गुड़ में सेलखड़ी की मिलावट के सन्देह पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की सहायक आयुक्त (खाद्य) अर्चना धीरान के नेतृत्व में ग्राम भोकरहेड़ी तहसील-जानसठ स्थित विनुज की गुड़ निर्माण ईकाई पर छापा मारा। मौके से गुड़ के दो विधिक नमूने तथा सेलखड़ी (डायमण्ड पाऊडर) का एक विधिक नमूना जाचे हेतु संग्रहीत किया गया? एक सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की सहायक आयुक्त अर्चना धीरान के नेतृत्व में ग्राम भोकरहेडी तहसील-जानसठ स्थित विनुज की गुड़ निर्माण ईकाई पर छापा मारा। मौके पर निरीक्षण में तैयार गुड़ तथा उसमें प्रयोग हेतु रखे सेलखड़ी (डायमण्ड पाऊडर) मिला। गुड़ में सेलखड़ी की मिलावट के सन्देह के आधार पर गुड़ के दो विधिक नमूने तथा सेलखड़ी (डायमण्ड पाऊडर) का एक विधिक नमूना जाचे हेतु संग्रहीत किया गया तथा मौके पर भण्डारित लगभग 1,69,000 रुपये मूल्य का 4,000 किलोग्राम गुड़ तथा लगभग 38,000 रुपये मूल्य की 1000 किलो सेलखडी को जब्त कर खाद्य कारोबारी की अभिरक्षा में दे दिया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा



अधिकारी शिव कुमार मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा, विशाल चौधरी व मनोज कुमार उपस्थित रहे।

### इस्राइल पर ईरान ने बरसाई मिसाइलें, बाइडन बोले- करेंगे इस्राइल की मदद

**नई दिल्ली, 1 अक्टूबर (एजेंसी)।** ईरान ने इस्राइल पर मिसाइल हमला कर दिया है। जानकारी अनुसार ईरान ने इस्राइल पर 100 से ज्यादा मिसाइलें दागीं हैं। इस्राइली सेना के मुताबिक ईरान से इस्राइल की ओर मिसाइलें दागी गई थीं। इस्राइली सेना के अनुसार देश में कई जगहों पर चेतावनी की सायरन बज रहे हैं, उसने नागरिकों को सतर्क रहने और होम फ्रंट कमांड के निर्देशों का ठीक से पालन करने का निर्देश दिया है। आईडीएफ के अनुसार, कुछ देर पहले ही होम फ्रंट कमांड ने देश भर के कई क्षेत्रों में जीवन रक्षक निर्देश जारी किए हैं। आईडीएफ ने साथ ही कहा कि इस्राइल के नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और करेगा। आईडीएफ के अनुसार, सभी इस्राइली नागरिक बम शेल्टर होम में हैं क्योंकि ईरान से इस्राइल पर रॉकेट दागे जा रहे हैं। ईरान ने कहा कि उसने हिजबुल्ला नेता और हमास अधिकारी की हत्या का बदला लेने के लिए इस्राइल पर दर्जनों मिसाइलें दागीं। वहीं अमेरिका का कहना है कि हम इस्राइल की मदद करने के लिए तैयार हैं। अमेरिका से इनपुट मिलने के बाद इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस्राइल के लोगों से कहा है कि बड़ी चुनौतियां आने वाली हैं। इसलिए सभी लोग होम कमांड के निर्देशों का पालन करें। साथ ही एक साथ मजबूती से खड़े रहें। उन्होंने कहा कि हम एक साथ खड़े रहेंगे, एक साथ लड़ेंगे और जीतेंगे।

### थाईलैंड में बस में आग लगने से 25 विद्यार्थियों की मौत

**बैंकॉक, 01 अक्टूबर (वार्ता)** थाईलैंड में बैंकॉक के बाहरी इलाके में वॉट खाओ फ्राया विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को ले जा रही एक बस में मंगलवार को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह हादसा थाईलैंड के खु खोत में ज़ीर रंगसिट शॉपिंग मॉल के पास फाहोन योथिन रोड पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12.30 बजे हुआ।राजधानी बैंकॉक से लगभग 250 किमी (155 मील) उत्तर में उथाई थानी प्रांत से चली बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग सवार थे। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल का पता नहीं चल पाया है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दमकलकर्मी आग को काबू करने की मशक्कत कर रहे थे। पुलिस के अनुसार सोलह विद्यार्थियों और तीन शिक्षकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवहन मंत्री सूर्या जुआंगरूंगरूंगकिट ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने मौतें की पुष्टि की। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

### साधू के वेश में ठग ने सम्मोहित कर उड़ाई रकम

**भोपा, 01 अक्टूबर (बु.)।** साधू के वेश में आये ठग ने एक ग्रामीण को चमत्कार दिखा कर सम्मोहित कर उससे रकम को ठग लिया। ठगी का अहसास होने पर ग्रामीण ने कथित साधू की तलाश की, किन्तु उसका कोई पता न चल सका। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर ठग टोली की तलाश शुरू कर दी गयी है। थाना व गांव भोपा में खराद का काम करने वाले अंकित ने बताया कि बीते सोमवार की दोपहर वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था तभी दो साधू वेशधारी व्यक्ति उसकी दुकान पर आए और उससे पीने के लिए पानी की मांग की। उसने दोनों को बिठाया और पानी पिला दिया। जिसके बाद व्यक्ति ने उससे दस रुपये देने को कहा और एक चमत्कार दिखाकर उसे सम्मोहित कर लिया। युवक ने आरोप लगाया कि कथित साधू वेषधारी व्यक्ति ने उसे सम्मोहन में लेकर उससे हजारों की रकम को ठग लिया और दोनों वहां से चंपत हो गए। दोनों के जाने के बाद जब उसने अपने पर्स को देखा तब उसे ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उसने मामले की सूचना आसपास के दुकानदारों और ग्रामीणों को दी। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी कथित साधू वेशधारी लोगों का कुछ पता नहीं चल पाया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों की तलाश की जा रही है।

# कैबिनेट बैठक में दो विश्वविद्यालयों की स्थापना को मिली मंजूरी

**लखनऊ, 1 अक्टूबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। बैठक में विद्या विश्वविद्यालय मेरठ व केडी विश्वविद्यालय मेरठ की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है। वहीं, उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति पर सहमति जता दी गई है। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024 में मूल्य समर्थन योजना के तहत मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद को मंजूरी दी गई है। प्रदेश के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को पीपीपी बोर्ड पर संचालित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ बिल्ड ऑन एन ऑपरेट फेस पर सोलर पार्क विकसित किए जाने को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, औद्योगिक निवेश नीति के संशोधन को मंजूरी मिल गई है।



**बैठक में इन प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी**

- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ बिल्ड ऑन एन ऑपरेट फेस पर सोलर पार्क विकसित किए जाने के प्रस्तावा को मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश बायो प्लास्टिक उद्योग नीति 2024 बनाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी।
- आगरा में नक्षत्रशाला साइंस सिटी और विज्ञान पाठ की स्थापना की मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली 2009 में पंचम संशोधन के लिए मंजूरी।
- आबकारी नीति 2024- 25 में कतिपय संशोधन की मंजूरी।
- यूपी 112 में पुराने वाहन की जगह 380 नए वाहनों की खरीद की मंजूरी।
- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के क्रियान्वयन के लिए 75 जिलों में 75 फॉरेंसिक मोबाइल वैन क्रय करने की मंजूरी।
- उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद कर्मचारी सेवा नियमावली 2024 को मंजूरी।

### साल का अंतिम सूर्य ग्रहण आज

**नई दिल्ली, 1 अक्टूबर (एजेंसी)।** कल 2 अक्तूबर 2024 को साल का अंतिम सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। ये ग्रहण रात 9 बजकर 13 मिनट से शुरू होगा, जो देर रात 3 बजकर 17 मिनट पर समाप्त होगा। इसकी कुल अवधि करीब 6 घंटे 4 मिनट की होगी। इस दिन पितृ पक्ष की अमावस्या तिथि है, और अगले दिन शारदीय नवरात्रि का पहला दिन। ऐसे में सूर्य ग्रहण ज्योतिष शास्त्र और खगोल शास्त्र दोनों के नजरिए से महत्वपूर्ण है। यह ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा।

# शहर गारबेज फ्री बनाने की मुहिम, बंद होंगे कूड़ा डलावघर

**मुजफ्फरनगर, 01 अक्टूबर (बु.)।** शहर को कूड़ा मुक्त करने को पालिका ने अब बेहद सख्त कदम उठाए हैं। इसके लिए शहर के कूड़ा डलावघरों को तत्काल बंद कराने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में ईओ ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से लेकर सफाई नायकों तक, सभी को आदेशों से अवगत कराते हुए स्पष्ट कर दिया है कि जिस क्षेत्र में कूड़ा डलावघर बंद नहीं होगा, वहां के सफाई नायक को जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही की जायेगी। साथ ही डलावघर पर कूड़ा डालते हुए पकड़े जाने पर दस हजार का जुर्माना वसूला जायेगा। आर्य समाज रोड पर बरसों से गन्दगी का पर्याय बने दो कूड़ा डलावघरों को बंद कराते हुए वहां सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। नगरपालिका परिषद् अधीन शहर में करीब 28 कूड़ा डलावघर व छोटे गारबेज प्वाइंट बने थे। शहर को क्लीन एंड ग्रीन करने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के निर्देशों के बीच शहर में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने अनुबंध आधार पर काम कर ही दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फेसिलिटीज प्रा. लि. के साथ मिल कर कूड़ा डलावघरों को बंद कराने का अभियान छेड़ा। रुड़की रोड जिला अस्पताल में डलावघर समेत करीब 13 डलावघर बंद कराये गये। अभी शहर में 15 कूड़ा डलावघर चल रहे हैं। इनमें से अधिकांश मुख्य मार्गों पर हैं। इसके लिए एमआईटूसी कंपनी को निर्देशित किया गया, लेकिन कंपनी द्वारा पालिका कर्मियों पर डलावघरों में कूड़ा व गंदगी फैलाने के तमाम आरोपों से यह योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक व सफाई निरीक्षक के साथ सभी सफाई नायकों को सख्त आदेश देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र मुख्य मार्गों पर कूड़ा डलावघरों के आसपास के वार्डों के सफाई कर्मचारियों द्वारा वार्डों से इकट्ठा किए कूड़े को प्रतिदिन डलावघरों में डाला जा रहा है। जबकि शासन के निर्देशों के तहत कूड़ा डलावघरों का संचालन बंद किया जाना है। इसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ईओ ने प्राथमिकता के आधार डलावघरों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने के निर्देश दिये हैं। वहीं वार्डों से निकलने वाले कूड़े को डलावघरों में न डलवाकर अब सफाई नायक कंपनी ने मखियाली में हायर किये ट्रांसफर सेंटर पर डलवाने का काम करेंगे। चेतावनी दी कि यदि कोई सफाई कर्मचारी, वाहन चालक डलावघर पर कूड़ा डालते हुए पाया जाता है तो सम्बंधित क्षेत्र के पर्यवेक्षक और सफाई नायक के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

### आर्य समाज रोड के डलावघर किए बंद, दी चेतावनी

NP MZN



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

शाईन डेन्टल एवं मैडिकल क्लीनिक

महावीर चौक के पास, डा0 मुकेश जैन वाली गली, मुजफ्फरनगर मो0: 8791362345, 9045452123

दाँतों का अत्याधुनिक हॉस्पिटल

डा. जतिन गुप्ता B.D.S., M.D.S. रूट कैनाल एवं इम्प्लान्ट विशेषज्ञ

डा. शिफाली गुप्ता B.D.S., M.D.S. रूट कैनाल एवं कास्मेटिक विशेषज्ञ

अनेक समस्यायें :

● ढ़ीला एवं चुभने वाला जबाड़ा ● निकले हुए दाँत की खाली जगह ● खाना चबाने में परेशानी

एक मात्र हल

डेन्टल इम्पलान्ट द्वारा फिक्स दाँत

शहर में पहली बार

माइक्रोस्कॉप द्वारा सिंगल सिटिंग आर.सी.टी.

दाँतों की नसों का ईलाज मशीन द्वारा एक बार में ..

पूरे मुँह का एक्स-रे (OPG) की सुविधा उपलब्ध

रविवार अवकाश  समय- सुबह 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक सायं 5.00 बजे से सायं 7.30 बजे तक

